ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 17-01-2023

नैनीताल(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2023-01-17 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2023-01-18	2023-01-19	2023-01-20	2023-01-21	2023-01-22
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	1.0	3.0	1.0
अधिकतम तापमान(से.)	12.0	13.0	15.0	18.0	19.0
न्यूनतम तापमान(से.)	2.0	4.0	6.0	6.0	6.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	75	70	75	85	70
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	30	30	35	35	30
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	6.0	6.0	6.0	6.0	6.0
पवन दिशा (डिग्री)	310	320	270	270	270
क्लाउड कवर (ओक्टा)	1	2	4	6	3

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनो में, 19 से 21 जनवरी को कहीं-कहीं बूंदा-बांदी या हलकी वर्षा हो सकती है तथा शेष दिन मौसम साफ रहेगा। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 12.0 से 19.0 व 2.0 से 6.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 6 किमी/घंटे की गति से मुख्यतः उत्तर-पश्चिम व पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है। चेतावनीः 17 जनवरी को कहीं-कहीं पाला पड़ने की सम्भावना है।

सामान्य सलाहकार:

आईएमडी मौसम पूर्वानुमान और आपके स्थान की कृषि मौसम संबंधी सलाह अब मेघदूत मोबाइल ऐप पर अंग्रेजी और क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध है। कृपया निम्न लिंक से डाउनलोड करें: एंड्रॉ यड: https://play.google.com/store/apps/details?id=com.aas.meghdoot आईओएस: https://apps.apple.com/in/app/meghdoot/id1474048155 सरदी से बचाव के लिए पशुघर का प्रबंध ठीक से करें।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनो में, 19 से 21 जनवरी को कहीं-कहीं बूंदा-बांदी या हलकी वर्षा हो सकती है तथा शेष दिन मौसम साफ रहेगा। पाला/कोहरा पड़ने की स्थिति में समय-समय पर सिंचाई करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
गेहूँ	चौड़ी पत्ती वाले खरपतवार की अधिकता होने पर 2,4 डी को 500 ग्राम/है या मेटसल्फ्यूरॉन मिथाइल की 4.0 ग्राम/ है0 को नवम्बर माह में बुवाई करने पर 30-35 दिन में व दिसम्बर में बोई गई फसल में 40-50 दिन बाद तथा सकरी पत्ती वाले खरपतवार की अधिकता होने पर आइसोप्रोट्यूरॉन 1 किग्रा/है0 की दर से बुवाई के 30-35 दिन में प्रयोग करें।

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
जौ	असिंचित दशा में बोई गई फसल में वर्षा के पश्चात् 1.2 किग्रा प्रति नाली की दर से यूरिया की टॉप ड्रेसिंग करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
सेब	सेब तथा गुठलीदार फलों में तना विगलन रोग की रोकथाम के लिए प्रभावित सेब तथा गुठलीदार फलों के तनों के चारों तरफ मिट्टी हटाएँ जिससे धूप की किरणें ग्रसित भाग पर पड़े। प्रभावित छालों को हटाकर इसमें चैबटिया पेस्ट लगाकर मिट्टी से ढक दें।
शिमला मिर्च	शिमला मिर्च की उन्नत किस्म का बीज क्रय कर नर्सरी में बुवाई करें। पाले से बचाव हेतु पौधशाला को सफेद प्लास्टिक से इस तरह ढके कि सूर्य की रोशनी के साथ-साथ हवा का संचार भी हो सके (जमीन से 1 मीटर उपर)।
आलू	आलू की फसल में पछेती झुलसा रोग के प्रकोप से बचाव हेतु मैनकोजेब 2.5 ग्रा0/ली0 पानी की दर से घोल बनाकर छिड़काव करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	ठंड में पशुओं के आहार में तेल और गुड़ की मात्रा बढ़ा दें। अधिक ठंड की स्थिति में पशुओं को अजवाइन और गुड़ दें। पहाड़ी क्षेत्रों में पशुशाला में गर्मी हेतु हीटर का उपयोग करें। तथा अंगेठी का उपयोग धुंआँ निकलने के बाद कर सकते हैं।